# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–23 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लखनऊ और प्रयागराज सहित देश के पैंतालिस स्थानों पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित रोजगार मेला में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नौकरी पाने वाले इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

प्रयागराज के फाफामऊ में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने अलग–अलग पदों पर चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती पटेल ने कहा कि देश में रोजगार मेले की शुरुआत देश को आगे बढ़ाने की एक यात्रा है। देश में जब रोजगार मिले की शुरुआत हुई तो इस श्रृंखला में 10 लाख लोगों को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया था और आज हम लगभग 8 लाख युवाओं को नौकरी दे चुके हैं। इसके साथ ही आज देश के 45 स्थानों पर 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे है। उधर, लखनऊ में विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्तीस दिसंबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंग। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 के माध्यम से दे सकते हैं साथ ही नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की सत्ताइस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती आज किसान दिवस के रूप में प्रदेश भर में मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि चौधरी साहब कहा करते थे कि किसान गरीब होगा तो भारत अमीर नहीं हो सकता। भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों के लिए 2014 से जो प्रयास प्रारंभ हुआ, दुनिया उसे मॉडल के रूप में ले रही है। इस अवसर पर रायबरेली, इटावा, मेरठ, अमरोहा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलो में चौधरी चरण सिंह की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टेंट सिटी, मेला सर्किट हाउस, दशाश्वमेध घाट, स्वरूपरानी मेडिकल अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा का पूजन अर्चन भी किया।

**********

.उत्तर प्रदेश पुलिस और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान आज पीलीभीत में हुई मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आंतकी मारे गए। सूत्रों के अनुसार ये आंतकवादी 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में शामिल थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस क्षेत्र में खालिस्तानी आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों का सुराग मिला था। पुलिस की संयुक्त टीम ने उन्हें पकडने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी और मुठभेड शुरू हो गई। पुलिस मुठभेड में सभी आतंकी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**********

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव अगले महीने ग्यारह जनवरी से शुरू होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने मीडिया को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पहली वर्षगांठ दिव्यता और भव्यता के साथ मनाई जायेगी। पांच अलग–अलग स्थानों पर ग्यारह से तेरह जनवरी तक विविध कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि इस महीने के आखिर तक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर सहित निर्माणाधीन सभी 18 मंदिर पूरे कर लिये जायेंगे।

**********

गोरखपुर के चरगांवा स्थित जनता इंटर कॉलेज में आज बाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के ब्रांड अंबेसडर और सदर सांसद रवि किशन शुक्ल ने किया। श्री शुक्ल ने इस दौरान टीबी से उपचाराधीन बच्चों का मनोबल बढ़ाया और इन सभी बच्चों को स्वयंसेवी संस्था सेफ सोसाइटी की तरफ से पोषण पोटली दी। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार पच्चीस में ही भारत को टीबी से मुक्त करवाने का संकल्प लिया है। इस मुहिम में हम तेजी से निक्षय मित्रों के सहयोग से अग्रसर हैं।

**********